


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, बुधवार, 26 अगस्त-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 302 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## ट्रक से जा भिड़ी बस

### छह महिला यात्रियों की मौत, कई गंभीर, 43 लोग थे सवार, सीएम ने जताया दुःख



● हैदराबाद से आंध्र प्रदेश जा रही थी बस

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सूर्यापेट में सुबह करीब 5:20 बजे एक प्राइवेट ट्रैवल बस और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में कई अन्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने बताया कि स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बस में कुल 42 यात्री सवार थे। हादसे की वजह तेज रफ्तार को माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में एक प्राइवेट ईवी बस के ट्रक से टकराने से छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। मरने वालों में छह महिलाएं शामिल हैं। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 5.15 बजे हैदराबाद-विजयवाड़ा नेशनल हाईवे पर कोडाड मंडल में हुई। बस में 42 यात्री सवार थे और वह हैदराबाद से आंध्र प्रदेश के एलुरु जा रही थी, तभी वह पीछे से एक ट्रक से टकरा गई। सूर्यापेट जिले के पुलिस अधीक्षक के. नरसिम्हा ने पत्रकारों को बताया कि ट्रक में औद्योगिक इस्तेमाल के लिए भारी पिलर लदे हुए थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही बस ट्रक से टकराई, पिलर को बांधने वाली चेन टूट गई और वे बस के दाहिने हिस्से से जा टकराए। माना जा रहा है कि इससे बस में आगे बैठे लोगों की मौत हो गई। एसपी ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर है और उन्हें आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के अस्पताल ले जाया गया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने मुख्य सचिव को घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया। पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर बताया कि हादसे की वजह तेज रफ्तार हो सकती है। पुलिस ने आशंका जताई है कि बस के टकराने से पहले ही ट्रक सड़क के डिवाइडर से टकरा चुका था। हादसे पर राज्य भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने कहा, 'यह दुखद है कि हैदराबाद से विजयवाड़ा जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई और छह लोगों की मौत हो गई है। हमारी संवेदनाएं उनके परिवारों के साथ हैं। सरकार को तुरंत मृतकों के परिवारों के लिए मुआवजे का ऐलान करना चाहिए और घायलों को सही इलाज मिलना चाहिए।

### 'लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का शुभारंभ, बुजुर्ग महिलाएं करेंगी मुफ्त यात्रा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ में 1लोकमाता अहिल्याबाई मातृशक्ति यात्रा' योजना का शुभारंभ किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोडवेज की विशेष बसों को फ्लैग-ऑफ किया। जिस पर 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। बारिश के बीच विशेष बसों को फ्लैग-ऑफ करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा बंधन के ठीक पहले उत्तर प्रदेश में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर संचालित होने वाली बस सेवा में 27, 28 और 29 अगस्त को हर महिला को फ्री बस सेवा की सुविधा प्राप्त होगी। इसके अलावा 60 वर्ष के ऊपर की सभी माताओं, बहनों के लिए इस यात्रा को हम फ्री में उपलब्ध कराने जा रहे हैं।

### इस्लामाबाद के शीर्ष अस्पताल में लगी आग, 15 नवजातों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बुधवार को एक सरकारी अस्पताल के स्त्री रोग वार्ड में आग लगी। इसके कारण 15 नवजात शिशुओं की मौत हो गई। यह जानकारी 'डॉन' की रिपोर्ट के अनुसार है। यह घटना राजधानी के सबसे बड़े और अच्छी सुविधाओं वाले सरकारी अस्पताल, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (इ्घ्श्ए) में हुई। आग लगने की घटना में 15 बच्चों की मौत हो गई। हालांकि, हताहतों की संख्या के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पीआईएमएस की प्रवक्ता डॉ. अनीजा जलील ने 'डॉन' अखबार को बताया कि जिस वार्ड में आग लगी, वहां 15 बच्चे थे।

### बस से टकराई स्कूटी दो लोगों की जान गयी

**कुल्लू।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर डोहलूनाला के पास मंगलवार रात स्कूटी और निजी बस की टक्कर में दो युवाओं की मौत हो गई। हादसा रात करीब पौने दस बजे हुआ। स्कूटी सवार युवक और युवती मनाली की ओर जा रहे थे। इसी दौरान डोहलूनाला के पास सामने से मनाली की ओर से आ रही निजी बस से स्कूटी की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्कूटी चालक कशिश सिहली, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी पर पीछे बैठे आदित्य पुत्र पवन कुमार निवासी त्रिफालघाट, जिला मंडी की उपचार के दौरान मौत हो गई।

### अमेरिका ने दुनियाभर में वीजा अपॉइंटमेंट पर लगाई रोक

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन इमिग्रेशन पर अपनी सख्त कार्रवाई के तहत कॉन्सुलर अधिकारियों के लिए एक ग्लोबल ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू कर रहा है। इस बीच यूएस में दुनिया भर में वीजा अपॉइंटमेंट रोक दिए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि विभाग ने दुनिया भर में सभी अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों में एक ट्रेनिंग पहल शुरू की है।

## उत्तर प्रदेश में डैम ओवरफ्लो

● बिहार में 50 हजार लोग बाढ़ से घिरे, एमपी के 21 जिलों में ऑरेंज अलर्ट



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में लगातार हो रही मानसूनी बारिश से नदियां उफान पर हैं। चंदौली में मूसाखांड और लतीफशाह बांध ओवरफ्लो हो गए हैं, जिसके बाद उनके गेट खोल दिए गए हैं। लखीमपुर में शारदा नदी पर बने तमोलिन पुरवा बांध का एक हिस्सा कट गया। वहीं, महोबा के जिला अस्पताल में पानी भर गया और इमरजेंसी वार्ड की छत से पानी टपकने लगा। बिहार के बेगूसराय में गंगा उफान पर है। नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। 50 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। मौसम विभाग ने 21 जिलों में बारिश की संभावना जताई है। मध्य प्रदेश में पूर्वी हिस्से के बाद अब उत्तरी, पश्चिमी और मध्य हिस्सों में मानसून एक्टिव होगा। मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों तक भोपाल, उज्जैन, सागर, ग्वालियर और चंबल संभाग के 21 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

## तिब्बत की बाढ़ नेपाल पहुंची

● भोटेकोशी नदी में उफान, कई गांवों में तबाही, पुल टूटा-गाड़ियां बहीं, 21 पुलिसकर्मी लापता, हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू



**काठमांडू।** चीन के तिब्बत की ओर से आई अचानक बाढ़ ने नेपाल के रसुवा जिले में भारी तबाही मचा दी। बुधवार सुबह करीब 9 बजे भोटेकोशी नदी का पानी अचानक बढ़ गया। तेज बहाव से टिमुरे और स्याफ्रुबेसी इलाके में कई घर, वाहन और सामान बह गए। एक नया बना पुल भी टूट गया। रसुवा के टिमुरे बॉर्डर पोस्ट पर तैनात 21 पुलिसकर्मी लापता हो गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, बाढ़ के बाद से इनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है। हालांकि, बॉर्डर पोस्ट पर मौजूद 25 से 30 दूसरे लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। नदी किनारे रहने वाले लोगों से सावधान रहने और पानी बढ़ने पर तुरंत सुरक्षित जगह जाने को कहा गया है। मुग्लिन समेत त्रिशूली नदी के आसपास के लोगों को नदी के पास न जाने की सलाह दी गई है।



### सभी प्लेटफॉर्म से हटा कृति सेनन का विज्ञापन

**नई दिल्ली।** कृति सेनन के रक्षाबंधन विज्ञापन पर हुए विवाद के बाद मेकर्स ने इसे सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया है। हाल ही में जारी किए गए इस विज्ञापन के चलते कृति सेनन को खूब ट्रोल किया गया था। बुधवार को ज्वैलरी ब्रांड ने कृति सेनन का वह रक्षाबंधन विशेष विज्ञापन सभी जगह से वापस लेते हुए एक बयान जारी किया। इसमें कहा गया हम भारतीय संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों का बहुत सम्मान करते हैं। एक ब्रांड के तौर पर हम हमेशा पूरे परिवार के साथ खुशियां भरे पल मनाने में यकीन रखते हैं और इस बार हम अपने पालतू जानवरों को भी इस प्यार और जश्न में शामिल करना चाहते थे।

## बागपत में अखिलेश के खिलाफ पोस्टरबाजी




**बागपत।** बागपत में सियासी बयानबाजी के बीच पोस्टर वार सामने आया है। दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे के पास सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द लिखे पोस्टर और बैनर लगाए जाने की जानकारी मिलते ही सपा नेताओं में आक्रोश फैल गया। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान समेत अन्य नेताओं ने मौके पर पहुंचकर बैनर फाड़ दिए। मामले को लेकर पुलिस में शिकायत करने की तैयारी है। हाईवे के पास अखिलेश यादव के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द लिखे पोस्टर और बैनर लगाए गए थे। जानकारी मिलने के बाद सपा नेताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया। बिल्लू प्रधान समेत अन्य नेताओं ने पोस्टर-बैनर फाड़ दिए। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान ने कहा कि बैनर लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।




## TMC के 20 सांसदों को नोटिस

### ओम बिरला ने सात दिनों में मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी ने बागी (अब एनसीपीआई के) सांसदों की सदस्यता रद करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस मामले में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने उन 20 सांसदों को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है। इससे पहले मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने अभिषेक बनर्जी की याचिका पर टीएमसी के 20 बागी सांसदों से जवाब मांगा था। बनर्जी ने अपनी याचिका में पार्टी की ओर से सदस्यता रद करने की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला लेने में हो रही देरी को चुनौती दी थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने बनर्जी की याचिका पर 20 सांसदों को नोटिस जारी किया। बनर्जी ने कोर्ट से आग्रह किया था कि वह लोकसभा स्पीकर से कहें कि वे उनके पास लंबित सदस्यता रद करने की याचिकाओं पर जल्द फैसला लें।

### पंजाब में सरकारी कर्मचारियों ने की सामूहिक अवकाश की घोषणा

● दो लाख से ज्यादा कर्मचारी करेंगे हड़ताल

● आम जनता को करना पड़ सकता है बड़ी परेशानियों का सामना

**चंडीगढ़।** पंजाब के लाखों कर्मचारी कल यानी 27 अगस्त को हड़ताल पर जाएंगे। अपनी प्रमुख मांगों को लेकर सरकारी कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश की घोषणा की है। पंजाब के करीब दो लाख कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश के लिए अप्लाई भी कर दिया है। ऐसे में पंजाब के लोगों के लिए कल का दिन किसी बड़ी समस्या से कम नहीं होगा। सरकारी कामकाज ठप होने से लोगों को कई बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। 27 अगस्त को क्या बंद और क्या खुला रहेगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि आवश्यक एवं अनिवार्य सेवाएं बहाल रहेंगी।

जनमुख हिन्दी दैनिक सिटी लाइव
● तापमान अधिकतम : 32.8°C
● तापमान न्यूनतम : 21.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 26 अगस्त, बुधवार, 2026 (3)





# गंगा ठिठकीं, दुश्वारियां जस की तस

## राहत मुहैया कराने में प्रशासन के छूट रहे पसीने



### ● तटीय इलाकों में बिखरी जिन्दगी को समेटने में जुटे लोग

**वाराणसी।** सावन के अंतिम दौर में काशी पर बादल जमकर बरसे। सोमवार रात से बुधवार की सुबह तक हुई बारिश ने शहर की रफ्तार थाम दी। महज 12 घंटे में 128 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई, जबकि बीते 24 घंटे में बारिश का आंकड़ा 157 मिलीमीटर पहुंच गया। हालांकि गंगा का जलस्तर लगातार बढ़त के बाद अब स्थिर हो गया है, लेकिन तटीय इलाकों कहीं कोई राहत नहीं मिली है। दुश्वारियां सिर पर चढ़कर तांडव कर रही हैं। बिखरी जिन्दगी को समेटने की जद्दोजहद में लोग जुटे हुए हैं। सरकारी इमदाद नाकाफी साबित हो रहे हैं। हालांकि अफसरान लगातार बैठकें करके मातहतों को निर्देश पर निर्देश दे रहे हैं। लेकिन लाख कोशिशों और मशक्कत के बावजूद अभी तटीय इलाकों में राहत के पल नहीं देखे जा रहे हैं। घाटों पर बाढ़ के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त बना हुआ है। शव लेकर श्मशान तक पहुंचने वालों का हाल काबिले बयां नहीं। यहां दाह संस्कार को लेकर पंडे गुंडों के किरदार में आ गए हैं। लकड़ी, कफन-काठी और दाह संस्कार सामग्री में लूट-खसोट का सिलसिला जारी है। लाश जलाने के लिए जगह न मिलने के कारण लोग घंटों-घंटों खड़े इंतजार कर रहे हैं। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार मंगलवार को गंगा का जलस्तर 68.26 मीटर दर्ज किया गया। बाढ़ के विकराल रूप के कारण दशाश्वमेध घाट स्थित जल पुलिस चौकी पूरी तरह जलमग्न हो चुकी है और पानी घाट की ऊपरी सीढ़ियों तक पहुंच गया है। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने नाव संचालन पर अगले आदेश तक पूरी तरह रोक लगा दी है। स्थानीय नाविकों के अनुसार नावों का परिचालन बंद होने से नौका विहार पूरी तरह ठप है। जल पुलिस प्रभारी सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि सावन माह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जलमग्न घाटों पर बैरिकेडिंग की गई है और लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को गहरे पानी में न जाने की चेतावनी दी जा रही है। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए जल पुलिस और एनडीआरएफ की टीमें सभी तटवर्ती इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## अखंड रामायण पाठ का समापन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोहनियां थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पहाड़ी में 24 अगस्त सोमवार को प्रारंभ अखंड रामायण पाठ का 25 अगस्त मंगलवार को समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजक मुरारी लाल पटेल और सहयोगी प्रतिष्ठान रूही वस्त्रालय की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने देर रात तक प्रसाद ग्रहण किया।

## सारनाथ में निकली बाबा विश्वनाथ की भव्य पालकी यात्रा

**वाराणसी।** सावन के अंतिम सोमवार के बाद मंगलवार को बाबा विश्वनाथ चंद्रमौलीश्वर के स्वरूप में सपरिवार अपने ससुराल सारनाथ पहुंचे तो पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव से गूंज उठा, पालकी में महादेव की गोद में प्रथमेश और संग माता पार्वती विराजमान थीं। गंज इलाके के संकटमोचन मंदिर से 51 डमरुओं के निनाद के बीच पालकी यात्रा शुरू हुई।

## प्रत्येक शुक्रवार को चीनी स्टॉक का विवरण देना अनिवार्य



### ● अतिरिक्त जिलाधिकारी से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आज विशेश्वरगंज गंज भैरोनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रतीक कुमार गुप्ता की अगुवाई में चीनी व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल अतरिक्त जिलाधिकारी आपूर्ति अमित कुमार भारतीय से उनके कार्यालय में मिला। अतिरिक्त जिलाधिकारी आपूर्ति ने कहा कि शासनादेश के अनुसार चीनी की खरीद विक्री करने वाले व्यापारियों को आनलाइन अपने स्टॉक को पोर्टल पर इन्ट्री करना और प्रत्येक शुक्रवार को स्टाक का विवरण देना अनिवार्य है। अपने शॉप पर स्टाक रजिस्टर में भी अंकित करना होगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने बताया कि मंडी में चीनी की पर्याप्त मात्रा है कोई कमी नही है आम जान्ता पेनिक न हो मंडी में उचित मूल्य पर चीनी सभी के लिए उपलब्ध है। जिला आधिकारी आपूर्ति ने अविनाश कुमार झा, अर्चना मिश्रा को हेल्प लाइन जारी कर अव्यवस्था को दूर करने की निर्देश जारी किया।

## दशाश्वमेध व्यापार मंडल ने किया झूलेलाल की शोभा यात्रा का स्वागत



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** झूलेलाल भक्त सेवा समिति के द्वारा चालिया महोत्सव के समापन के अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा लक्सा स्थित झूलेलाल मंदिर से गिरजाघर, गोदौलिया, दशाश्वमेध होते हुए राजेंद्र प्रसाद घाट तक निकाली गई।सर्वप्रथम लक्सा स्थित झूलेलाल मंदिर में भक्तों द्वार भगवान झूलेलाल जी और हिंगलाज माताजी की प्रतिमा के समक्ष दीपदान एवं पल्लव प्रार्थना की गई तत्पश्चात् सिंधी समाज के प्रमुख जय प्रकाश बालानी ने ध्वजा उठाकर शोभा यात्रा की शुरूआत की। सिंधी समाज की महिला शक्तियों द्वारा सिंधी भजन एवं पारंपरिक डोकला नृत्य प्रस्तुत किया गया। दशाश्वमेध व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश तुलस्यान, सचिव दीपक वासवानी, मनु जेसवानी विनय यादव दीपक राजदेव तुलसी खान चंदानी प्रदीप नरसिंहानी विक्की खान चंदानी कोषाध्यक्ष भगवान दास जजानी, अशोक जायसवाल, श्रीनारायण खेमका एवं समस्त पदाधिकारियों ने घाट पर झूलेलाल के छायाचित्र की आरती की। शोभा यात्रा में जेपी बालानी, अनिल शर्मा, रोहित बलानी, गोपाल सचदेवा, सतीश छाबड़ा, चंद्रा सचदेवा,वासुदेव नागवानी, मुस्कान शर्मा, अमृता अठवानी, अजय रूपेजा, देवानंद, मोनिका, कृष्णा होतवानी, घनश्याम लालवानी कन्हैया टेक चंदानी आदि ने अपना विशेष सहयोग दिया।

# शहर में करंट से हुई मौतों पर अजय राय ने सरकार को घेरा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शहर में करंट की चपेट में आने से अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की दर्दनाक मौत ने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। चेतगंज थाना क्षेत्र के कालीमहल तिराहे पर करंट की चपेट में आने से त्रिलोकी मोदनवाल 50 वर्ष की मृत्यु अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। घटना की जानकारी मिलने पर अजय राय जी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। वहीं, सिगरा थाना क्षेत्र के लल्लापुरा काजी-पुर खुर्द में बारावफात पर्व की सजावट के दौरान करंट की चपेट में आने से 17 वर्षीय अनस की दर्दनाक मौत हो गई। अपने बेटे को बचाने के लिए दौड़े उनके पिता सलीमउद्दीन उर्फ पप्पू 45 वर्ष भी करंट की चपेट में आ गए और उनकी भी मृत्यु हो गई। एक ही परिवार के दो सदस्यों की असमय मौत से पूरा इलाका शोक में डूब गया। अजय राय ने सिगरा क्षेत्र में मृतक अनस और सलीमउद्दीन उर्फ पप्पू के परिजनों से भी मुलाकात की, उन्हें ढांढस बंधाया।

## डेढ़ घंटे की मशक्कत से निगम ने शहर को जलजमाव से राहत दिलायी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शहर में रातभर हुई मूसलाधार बारिश और तेज हवाओं के बाद पैदा हुई चुनौतियों से निपटने के लिए नगर निगम पूरी तरह अलर्ट है। बारिश थमते ही महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल खुद धरातल पर उतरे और शहर के विभिन्न स्थानों का दौरा कर महज डेढ़ घंटे के भीतर शहर को जलजमाव से राहत दिलाने के साथ यातायात व्यवस्था बहाल कराई। रातभर हुई भारी बारिश के कारण शहर के 11 प्रमुख मार्गों पर पेड़ गिर गए थे, जिससे आवागमन बाधित हुआ। निगम की टीमों ने तत्परता दिखाते हुए सुंदरपुर, सुसवाही, संसदीय कार्यालय के पास, आदमपुर पुलिस चौकी के पास, आदमपुर वार्ड, लक्ष्मी मंदिर (अशोक विहार कॉलोनी) में दो स्थानों पर तथा आशापुर से हवेलियां चौराहा तक तीन स्थानों पर गिरे पेड़ों की कटाई कराकर रास्ते तुरंत क्लियर कराए। सड़कों से लकड़ी उठाने का कार्य भी युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है।

## आईआरआरआई की अनुसंधान गतिविधियों का अवलोकन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को आधुनिक तकनीक, अनुसंधान, निजी क्षेत्र की भागीदारी तथा किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से संचालित यूपी-एग्रीज एवं एग्री-कनेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को वाराणसी में विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में विश्व बैंक समूह के प्रबंध निदेशक पास्कल डोनाह्यू के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रतिभाग किया। प्रतिनिधिमंडल में जॉन, जोह-ाना, अनूप, संतोष, सुदीप, सौम्या एवं विनायक सहित यूपी-एग्रीज परियोजना टीम तथा एग्री-कनेक्ट के साझेदार गूगल क्लाउड एवं नेटवर्क फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन (एनएफएच) के प्रतिनिधि शामिल रहे। कार्यक्रम के अगले चरण में प्रतिनिधिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान (आईआरआरआई), दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र, एनएसआरटीसी परिसर, जी.टी. रोड का दौरा किया। यहां कृषि अनुसंधान, ज्ञान प्रबंधन तथा विज्ञान एवं नीति के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा की गई।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक संपन्न



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा वाराणसी की कार्यकारिणी की बैठक कोषागार कार्यालय स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शशिकान्त श्रीवास्तव व संचालन हरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विगत वर्षों में जो कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी सेवानिवृत हो चुके हैं उनका सम्मान किया जाए। जिलाध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव ने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि कुछ विभागों के अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है वह क्षम्य नहीं है उनके उत्पीड़न को रोकने के लिए लामबंद होकर उस विभाग के अधिकारी का घेराव किया जाएगा।

## चढ़ावा चोरी के विरुद्ध जागरण अभियान में हनुमान चालीसा पाठ

### ● चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीनचिट दिए जाने का विरोध



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित चढ़ावे से जुड़े भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के मामले में चंपत राय और अनिल मिश्रा को क्लीन चिट दिए जाने के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे जनजागरण अभियान की सातवीं कड़ी के अंतर्गत मंगलवार को नाटी इमली स्थित प्राचीन हनुमान जी मंदिर परिसर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों एवं स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी से सत्य, न्याय, सद्भाव, पारदर्शिता और धर्म की विजय की प्रार्थना की। कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक आरती भी की गई।

## प्रिज्मैटिक फाउंडेशन ने लगाया शिविर



### ● बाढ़ पीड़ितों की निःशुल्क जांच और परामर्श

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रिज्मैटिक फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को पंचायत भवन, सलापुर, वाराणसी में एड्स जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य क्वीयर और ट्रांसजेंडर समुदाय के नेतृत्व में समाज में HIV एवं AIDS के प्रति जागरूकता बढ़ाना, HIV से जुड़े भ्रम एवं भेदभाव को दूर करना तथा लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना रहा। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आयोजित होने के कारण शिविर में मौसमी बीमारियों तथा बाढ़ के बाद होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की भी जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा लोगों को ✦ध्र्/घ्इए, यौन संचारित संक्रमण, मौसमी बीमारियों के साथ-साथ बाढ़ के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, दूषित पानी से होने वाले संक्रमण, त्वचा संबंधी समस्याओं और अन्य सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया। इच्छुक लोगों के लिए स्वैच्छिक एवं गोपनीय HIV जांच, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण तथा चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई।




## मेधावियों का सम्मान, उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहन



### ● अग्रसेन वेलफेयर सोसाइटी ने किया समारोह का आयोजन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अग्रसेन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं के सम्मान एवं उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। साथ ही कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को भी कॉपियां और स्टेशनरी वितरित की गईं, ताकि वे अपनी पढ़ाई को बेहतर ढंग से जारी रख सकें। विद्यालय की प्रबंधक गरिमा टकसाली,सह प्रबंधक पवन मित्तल ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में अग्रसेन वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक बल्लभदास अग्रवाल, अध्यक्ष सर्वेश अग्रवाल, समिति अध्यक्ष अशोक अग्रवाल सर्राफ, सचिव अमरचंद अग्रवाल तथा कार्यक्रम संयोजक सीए विष्णु अग्रवाल, अर्थ मंत्री अवनीश अग्रवाल सहित विकास अग्रवाल, चन्द्रमोहन अग्रवाल, राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रबंधक गरिमा टकसाली, सह परबंधक पवन मित्तल एवं प्रधानाचार्या संगीता बनर्जी ने सभी को धन्यवाद किया। अग्रसेन वेलफेयर सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं शैक्षणिक

## 22 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग-3) प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के पद पर नियुक्त अभ्यर्थियों को मंगलवार को नियुक्त पत्र का वितरण कृषि भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या ने किया। मौके पर शैलेन्द्र कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक, वाराणसी मण्डल, संगम सिंह, जिला कृषि अधिकारी एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने कृषि विभाग के अन्तर्गत कुल 22 अभ्र्थीयों को प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी पद हेतु नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराया।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**
समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**
स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

## गाजीपुर समाचार

### शराब पीने के दौरान गाली-गलौज से खफा दोस्तों ने ही चंदन की पीटकर की थी हत्या



**गहमर (गाजीपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के सायर गांव स्थित महादेव घाट पर शराब की पार्टी के दौरान मारपीटकर चंदन सिंह की हुई हत्या का खुलासा पुलिस ने मंगलवार को कर दिया। शराब पीने के दौरान आपस में हुई गाली-गलौज में ही दोस्तों ने वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरेजी स्थित दुर्गा मंदिर चौराहा के पास से घेराबंदी कर हत्यारोपी रायसेनपुर निवासी विकास सिंह, सायर निवासी नरेंद्र यादव, बृजेश कुमार गुप्ता और किशन चौधरी उर्फ कृष्णा को गिरफ्तार कर लिया गया। कोतवाल ने बताया कि हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरेजी गांव स्थित दुर्गा मंदिर चौराहा के पास से घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल नंदकुमार तिवारी ने बताया कि 23 अगस्त की शाम रायसेनपुर निवासी पंकज सिंह ने तहरीर दी कि भाई चंदन सिंह को आरोपियों ने शराब पीने के दौरान हुए विवाद में मारपीट की जा रही थी। शोर सुनकर जब पंकज सिंह चचेरे भाई दीपक सिंह के साथ मौके पर पहुंचे तो चंदन सिंह गंभीर रूप से घायल मिले।

## सोनभद्र समाचार

### सोशल मीडिया की अफवाहों से सतर्क रहें, सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार : डीएम

**सोनभद्र।** ईद-ए-मिलाद (बारावफात), रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, पीस कमेटी के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में पर्वों को लेकर की जा रही तैयारियों और आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। डीएम चर्चित गौड़ ने कहा कि त्योहार साझा संस्कृति और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं।

सोनभद्र में आपसी भाईचारे और सौहार्द की समृद्ध परंपरा रही है। इसे बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने धर्मगुरुओं और गणमान्य नागरिकों से पर्वों को परंपरागत तरीके से शांति, संयम और उल्लास के साथ मनाने की अपील की।

## प्रयागराज समाचार

### अवर अभियंता के बेटे को अगवा कर मांगी फिरौती, पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** अंदावा में कार शोरूम के बाहर से रेलवे में तैनात अवर अभियंता के बेटे को अगवा कर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने के आरोप में धूमनगंज पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने युवक को जबरन कार में बैठाकर उससे 21 हजार रुपये व सोने की चेन छीन ली थी।

मुंडेरा निवासी आरोपी शीबू उर्फ शुभम केसरवानी, महिला ग्राम निवासी आलोक कुमार, विकास भारतीया उर्फ डिग्गल के कब्जे पॉइंट 32 बोर पिस्टल, पॉइंट 315 बोर तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

एयरपोर्ट के चिरका मुंजाता गांजा निवासी शिवम सिंह रेलवे में अवर अभियंता हैं। बेटा शुभम सिंह 21 अगस्त की शाम दोस्त संग अंदावा के पास गया था। दोस्त को वाहन खरीदना था। इसी दौरान एक कार से कुछ लोग वहां पहुंचे और शुभम को जबरन कार में बैठाकर ले गए। विरोध पर आरोपियों ने तमंचे के बट से उसके साथ मारपीट की। कहा कि पहले के 1.42 लाख रुपये बकाया हैं, उन्हें दो। जब शुभम ने रुपये नहीं होने की बात कही तो उससे पिता को फोन कर ऑनलाइन रुपये मंगवाने के लिए कहा। इसके बाद उसे पीटते हुए कार से आगे ले गए। रास्ते में आरोपियों ने किसी व्यक्ति को फोन किया। इसके बाद उसे कौशाम्बी के संदीपनघाट के पास बुलाया।

वहां एक व्यक्ति कार लेकर पहुंचा और शुभम को दूसरी कार में बैठा लिया गया। बाद में आरोपी उसे धूमनगंज क्षेत्र में देर रात नकदी और चेन छीनकर उसे छोड़कर फरार हो गए। घर पहुंचने के बाद शुभम ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। तहरीर पर झूंसी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

## बलिया समाचार

### पेड़ की डाली काटते समय छत से नीचे गिरे व्यक्ति की मौत

**बलिया।** थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव निवासी उमाशंकर बिंद (55) की सोमवार की देर शाम पेड़ डाली काटते समय नीचे गिरने से मौत हो गई। वे छत पर खड़ा होकर डाली काट रहे थे। इस बीच एक मोटी डाली के टकराने से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष के मुताबिक हिम्मतपुर गांव निवासी उमाशंकर बिंद मुंबई में रहकर जीविकोपार्जन करते थे। करीब दो माह पहले वह गांव आए थे और अपने घर के दूसरे मंजिल का निर्माण कराया था।

घर के ऊपर नीम के पेड़ की एक डाली आ रही थी। सोमवार रात वह पेड़ की डाली काट रहे थे। इसी दौरान डाली काटते समय वह पेड़ की एक मोटी डाली से टकरा गए और असंतुलित होकर नीचे जमीन पर गिर पड़े। हादसे में उमाशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें रात में ही भदोही के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

## आजमगढ़ समाचार

### डीहा प्रधान की हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की मौत



**आजमगढ़।** जहानागंज थाना क्षेत्र के डीहा गांव के प्रधान राकेश सिंह उर्फ पप्पू सिंह की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 65 वर्षीय कैदी जैनू यादव की जौनपुर जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सोमवार शाम तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देर रात करीब 12 बजे उसने दम तोड़ दिया। पिता की मौत की सूचना मिलते ही दिल्ली में रह रहा उसका बेटा भानू यादव घर के लिए रवाना हो गया। रानी की सराय थाना क्षेत्र के चकवारा गांव निवासी भानू की पत्नी प्रियंका के अनुसार, 25 अप्रैल 2008 को न्याय पंचायत डीहा के प्रधान राकेश सिंह उर्फ पप्पू सिंह की हत्या कर दी गई थी। मामले में प्रधान के परिजनों की तहरीर पर जहानागंज थाने में चार नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें जैनू यादव का नाम भी शामिल था। परिजनों का दावा है कि जैनू का हत्या में कोई हाथ नहीं था और उसे मामले में गलत तरीके से फंसाया गया था। हत्या के कुछ दिन बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वर्ष 2008 से वह जेल में सजा काट रहा था।

वर्ष 2015 में आजमगढ़ जिला एवं सत्र न्यायालय ने हत्या के मामले में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में उसे जौनपुर जिला कारागार स्थानांतरित कर दिया गया था। प्रियंका ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे जेल प्रशासन की ओर से उनके पति भानू को फोन कर जैनू की तबीयत खराब होने की जानकारी दी गई।

## मीरजापुर समाचार

### उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध –जिलाधिकारी



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु, जिला स्तरीय व्यापार बंधु एवं जी0बी0सी0–5.0 की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के औद्योगिक विकास, निवेश को बढ़ावा देने तथा उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योगों से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उद्यमियों को किसी प्रकार की अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जनपद में उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा शासन की मंशा के अनुरूप निवेश और रोजगार सृजन को गति देने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में उद्यमियों द्वारा बिजली, सड़क, जलापूर्ति, भूमि, प्रदूषण संबंधी स्वीकृतियों तथा अन्य औद्योगिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उठाए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों की प्रगति से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और जनपद के समग्र आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। बैठक मे जनपद मीरजापुर में ओ0डी0ओ0पी0 के अन्तर्गत मेंसर्स विन्ध्य स्पीनर्स एण्ड रग्स एसोसिएशन सीएफसी का निर्माण ग्राम–रामपुर वासित अली लालगंज मीरजापुर में कार्यदायी संस्था उ0प्र0 लघु उद्योग निगम लि0 उ0प्र0 कानपुर द्वारा कराया जा रहा है। निर्माणकार्य में हो रहे विलम्ब के बारे में पूर्व में यू0पी0एस0आई0सी0 के सहायक अभियन्ता द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि ठेकेदार द्वारा काफी विलम्ब किया जा रहा है, उसे कार्य पूर्ण करने हेतु नोटिस जारी किया गया है।

## बलिया समाचार

### घर में फंदे से लटका मिला युवक, जांच में जुटी पुलिस

**बलिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में मंगलवार को 26 वर्षीय युवक का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

युवक की मौत से पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बहादुरपुर निवासी टुनटुन राजभर (26) मंगलवार को घर में था। इसी दौरान परिजनों की नजर कमरे में उसके फंदे से लटके शव पर पड़ी। घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो मौके पर भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर साक्ष्य जुटाया।

## गोरखपुर समाचार

### निलंबित सिपाही दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार, शातिर अपराधियों के नाम पर लोन कराकर दुबई भाग गया था नीतीश



**गोरखपुर।** गोरखपुर के शातिर अपराधियों और हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी में लगाया गया निलंबित सिपाही नीतीश कुमार यादव खुद लोन फर्जीवाड़े का आरोपी निकला। मुकदमा दर्ज होने के बाद वह दुबई भाग गया था। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। इसी आधार पर दिल्ली पुलिस ने उसे एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। कैंट पुलिस उसे गोरखपुर लेकर आ रही है। आरोपी मूलरूप से देवरिया के भाटपाररानी क्षेत्र के जगउर गांव का रहने वाला है।

नीतीश पर बैंक ऑफ बड़ौदा की गोरखपुर स्थित चार शाखाओं से कूटरचित दस्तावेज के जरिए पांच लोगों के नाम पर 52 लाख रुपये का पर्सनल लोन कराने का आरोप है। इनमें मेडिकल कॉलेज रोड, प्रधान शाखा, बेतियाहाता और कसया शाखा शामिल हैं। इसके अलावा शहर के कई शातिर अपराधियों के नाम पर भी लोन कराने और रकम हड़पने की बात सामने आई है।

बैंक से नोटिस पहुंचने के बाद संबंधित लोगों को अपने नाम पर लोन होने की जानकारी हुई। बैंक के उप क्षेत्रीय प्रमुख आशीष सिंह ने एसपी महराजगंज को दिए प्रार्थनापत्र में बताया था कि नीतीश ने कूटरचित पुलिस आईकार्ड, पे-स्लिप, फार्म-16 और कर्मचारी सत्यापन रिपोर्ट का इस्तेमाल कर लोन कराया। इसके लिए पहले प्रमोद यादव, संदीप अग्रहरी, अजय साहनी, लक्ष्मीकांत यादव और संदीप कुमार यादव के नाम पर बैंक खाते खुलवाए गए। इसके बाद चार शाखाओं से इनके नाम पर कुल 52 लाख रुपये का पर्सनल लोन स्वीकृत कराया गया। एसपी के निर्देश पर 28 मई 2024 को महराजगंज कोतवाली थाने में नीतीश और उसके पांच सहयोगियों के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और जालसाजी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गए। नीतीश को निलंबित भी कर दिया गया था।

## जौनपुर समाचार

### पूविवि ने समर्थ पोर्टल पर 31 तक पंजीकरण कराने के लिए बढ़ाई तिथि

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के अलावा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर और परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल 31 खोलने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रवेश प्रक्रिया रोक दी जाएगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि जौनपुर और गाजीपुर जिले के 604 महाविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 31 तक कॉलेज छात्रों को समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कर सकेंगे। महाविद्यालय छात्रों का पंजीकरण समर्थ पोर्टल पर तय समय नहीं कराते हैं तो वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों की समस्या को देखते हुए पांच दिन के लिए पोर्टल को खोलने का निर्देश दिया है।

## मऊ समाचार

### दरगाह में ईद मिलादुन्नबी पर हुआ जलसा

**मऊ।** तहसील क्षेत्र के दरगाह गांव में सोमवार रात ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में इस्लामिक जलसे का आयोजन किया गया। इसमें आलिमों ने पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए मुस्लिम समाज के लोगों से उनके बताए रास्ते पर चलने और बुराइयों से दूर रहने की अपील की। विशेष वक्ता हाफिज व कारी अनिसुर रहमान ने कहा कि हजरत मुहम्मद केवल इस्लाम के अनुयायियों के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए रहमत बनाकर भेजे गए थे।

उन्होंने कहा कि उनके जन्म के समय अरब में कई सामाजिक बुराइयां व्याप्त थीं। बेटियों को जीवित दफन करने जैसी कुप्रथाओं के साथ जुआ, शराब, चोरी और डकैती जैसी बुराइयां भी आम थीं। हजरत मुहम्मद ने इन बुराइयों पर रोक लगाने के साथ लोगों तक इस्लाम की शिक्षाएं पहुंचाईं।

## सुल्तानपुर समाचार

### ट्रक के कंटेनर में रस्सी से लटका मिला चालक का शव, एयर स्ट्रिप के पास घटना से मचा हड़कंप



**सुल्तानपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह अरवल कीरी करवत के पास ट्रक चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कंटेनर से लटका मिला। अरवल कीरी करवत एयर स्ट्रिप के पास शव मिलने की सूचना पर यूपीडा पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में आसपास के ग्रामीण और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के शीला गांव निवासी ओम प्रकाश (44) पुत्र देवी दास के रूप में हुई। वह ट्रक चालक था और करीब एक महीने पहले ट्रक लेकर घर से निकला था। बुधवार को ट्रक गाजीपुर से लखनऊ की ओर जा रहा था। मौके पर ट्रक के कंटेनर के एक हिस्से से रस्सी बांधकर दूसरे हिस्से की ओर चालक का शव लटका मिला। पुलिस ने शव नीचे उतरवाकर घटनास्थल की जांच की। ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की मौत से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जा रही है। चालक की मौत को लेकर फिलहाल स्थिति साफ नहीं है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि वह ट्रक के कंटेनर के भीतर कब और किन परिस्थितियों में पहुंचा। आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ पुलिस ने मौके से जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी।

### हाईवे पर बेकाबू कार डिवाइडर से टकराई, डॉक्टर की जान गई

**अमहट/पयागीपुर।** अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर नरायनपुर के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में कार चला रहे लोहरामऊ निवासी चिकित्सक डॉ. अख्तर (38) की मौत हो गई। कार सवार चिकित्सक डॉ. राशिद (46) और सर्जन डॉ. शैलेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉ. राशिद को मेडिकल कॉलेज से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है, जबकि डॉ. शैलेंद्र का शहर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा सोमवार रात करीब 11:30 बजे हुआ। कार पयागीपुर से शहर की ओर जा रही थी।

## देवरिया समाचार

### खनुआ नदी में मिला युवक का शव

**बघौचघाट।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पकहां स्थित खनुआ नदी में मंगलवार की शाम 45 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को नदी से निकलवाया। युवक की पहचान बालू बांसफोर निवासी बंजरिया बाजार, थाना तरकुलवा के रूप में हुई। सूचना मिलने के बाद मृतक का बेटा पप्पू बांसफोर मौके पर पहुंचा।

पप्पू ने पुलिस को बताया कि पिता कुछ समय से घर से लापता थे। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ थे। उनका उपचार चल रहा था। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि खनुआ नदी में शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी।

## चंदौली समाचार

### मूसाखाड़ बांध के 5 फाटक खोल कर छोड़ा गया पानी



**चकिया/शिकारगंज।** क्षेत्र में लगातार बारिश से बांध लबालब भर गए हैं। जलस्तर नियंत्रित करने के लिए बांधों से पानी छोड़ने का सिलसिला शुरू हो गया है। मूसाखाड़ बांध के पांच फाटक खोल कर 7260 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

वहीं, लतीफशाह बीयर से 2800 क्यूसेक पानी कर्मनाशा नदी में बहाया जा रहा है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अनुसार मूसाखाड़ बांध में 355 फीट जलस्तर बनाए रखने के लिए पानी छोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई है। बांध के पांच फाटकों को दो इंच ऊंचा खोलकर 7260 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज कराया जा रहा है। इसके अलावा लतीफशाह बीयर से सवा दो फीट ऊंचाई से 2800 क्यूसेक पानी कर्मनाशा नदी में छोड़ा जा रहा है। पानी के तेज बहाव को देखते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारी बांध और नदी के समीपवर्ती गांवों के ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील कर रहे हैं। लोगों को नदी किनारे जाने से बचने की सलाह दी गई है।

इधर मूसाखाड़ बांध के गेटों से निकलता पानी और लतीफशाह बीयर से गिरता जलप्रवाह पर्यटकों और सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बड़ी संख्या में लोग इस मनोरम दृश्य को देखने के लिए पहुंच रहे हैं। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता हरेंद्र कुमार ने बताया कि बारिश को देखते हुए बांध में निर्धारित जलस्तर बनाए रखने के लिए पानी छोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग सतर्क रहें और जल स्रोतों के आस-पास जाने से परहेज करें।

### कुत्ते का आतंक, एक ही दिन में पांच लोगों को काटा

**नौगढ़।** कस्बे में मंगलवार को एक कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर हमला कर पांच लोगों को घायल कर दिया। अचानक हुए हमले से लोगों में दहशत फैल गई। घायलों को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ ले गए, जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने एंटी रैबीज का टीका लगाकर प्राथमिक उपचार किया।

बताया गया कि पहला मामला कोठी किला रोड का है। यहां 15 वर्षीय आयुष को कुत्ते ने पैर में काट लिया। इसके बाद कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर हमला किया। रिठिया निवासी 16 वर्षीय महिमा, नौगढ़ कस्बा निवासी रीना और बोझ गांव निवासी 10 वर्षीय शिवानंद भी कुत्ते के हमले में घायल हो गए।

## लाइफ मंत्र

# बुधवार और गणपति पूजा का खास कनेक्शन, संकटनाशन स्तोत्र से दूर होगी हर समस्या



हिंदू धर्म में बुधवार का दिन भगवान गणेश को समर्पित होता है। गणेश भगवान को बुद्धि और ज्ञान का देवता माना जाता है। वहीं बुधवार को भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने से बप्पा की कृपा प्राप्त होती है। वहीं गणपति बप्पा की कृपा के लिए बुधवार का व्रत भी किया जाता है। बुधवार के दिन भगवान गणेश की पूजा करने से सुख-सौभाग्य और आय में वृद्धि होती है। वहीं इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

ऐसे में अगर आप भी आर्थिक विषमता से मुक्ति पाना चाहते हैं। तो बुधवार के दिन भक्ति भाव से भगवान गणेश की पूजा करनी चाहिए। वहीं पूजा के समय इस खास स्रोत का पाठ करना चाहिए।

### संकटनाशन गणेश स्तोत्र

प्रणम्यं शिरसा देव गौरीपुत्रं विनायकम ।
भक्तावासः स्मरैनित्यंमायुःकामार्थसिद्धये ॥
प्रथमं वक्रतुंडंच एकदंतं द्वितीयकम ।
तृतीयं कृष्णं पिङ्गाक्षं गजवक्त्रं चतुर्थकम ॥
लम्बोदरं पंचमं च षष्ठं विकटमेव च ।
सप्तमं विघ्नराजेन्द्रं धूम्रवर्ण तथाष्टकम् ॥
नवमं भालचन्द्रं च दशमं तु विनायकम ।
एकादशं गणपतिं द्वादशं तु गजाननम ॥
द्वादशैतानि नामानि त्रिसंध्य यः पठेन्नरः।
न च विघ्नभयं तस्य सर्वासिद्धिकरं प्रभो ॥
विद्यार्थी लभते विद्यां धनार्थी लभते धनम् ।
पुत्रार्थी लभते पुत्रान् मोक्षार्थी लभते गतिम् ॥
जपेद्वगणपतिस्तोत्रं षड्भिर्मासैः फलं लभेत् ।
संवत्सरेण सिद्धिं च लभते नात्र संशयः ॥
अष्टभ्यो ब्राह्मणेभ्यश्च लिखित्वां यः समर्पयेत ।
तस्य विद्या भवेत्सर्वा गणेशस्य प्रसादतः॥

### ऋणहर्ता गणेश स्तोत्र

ॐ सिन्दूर-वर्ण द्वि-भुजं गणेशं लम्बोदरं
पद्म-दले निविष्टम् ।
ब्रह्मादि-देवैः परि-सेव्यमानं सिद्धैर्युतं तं
प्रणामि देवम् ॥
सृष्ट्यादौ ब्रह्मणा सम्यक् पूजितः फल-सिद्धए ।
सदैव पार्वती-पुत्रः ऋण-नाशं करोतु मे ॥
त्रिपुरस्य वधात् पूर्वं शम्भुना सम्यगर्चितः।
सदैव पार्वती-पुत्रः ऋण-नाशं करोतु मे ॥
हिरण्य-कश्यप्वादीनां वधार्थे विष्णुनार्चितः।
सदैव पार्वती-पुत्रः ऋण-नाशं करोतु मे ॥
महिषस्य वधे देव्या गण-नाथः प्रपुजितः।
सदैव पार्वती-पुत्रः ऋण-नाशं करोतु मे ॥
तारकस्य वधात् पूर्वं कुमारेण प्रपूजितः ।
सदैव पार्वती-पुत्रः ऋण-नाशं करोतु मे ॥
भास्करेण गणेशो हि पूजितश्छवि-सिद्धए ।
सदैव पार्वती-पुत्रः ऋण-नाशं करोतु मे ॥
शशिना कान्ति-वृद्ध्यर्थं पूजितो गण-नायकः।
सदैव पार्वती-पुत्रः ऋण-नाशं करोतु मे ॥
पालनाय च तपसां विश्वामित्रेण पूजितः।
सदैव पार्वती-पुत्रः ऋण-नाशं करोतु मे ॥
इदं त्वृण-हर-स्तोत्रं तीव्र-दारिद्र्य-नाशनं,
एक-वारं पठेन्नित्यं वर्षमेकं सामहितः।
दारिद्र्यं दारुणं त्यक्त्वा कुबेर-समतां व्रजेत् ॥

# रक्षाबंधन पर इस खास पारंपरिक उबटन से चेहरे पर लाएं जबरदस्त ग्लो



**रक्षाबंधन के पर्व पर महंगे ब्यूटी ट्रीटमेंट के बजाय बेसन और विटामिन-ई आधारित पारंपरिक उबटन का उपयोग एक प्रभावी और वैज्ञानिक विकल्प है। यह प्राकृतिक मिश्रण त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाकर उसे गहराई से पोषित करता है जिससे चेहरे पर स्वाभाविक चमक आती है। त्योहार के सीजन में घर पर बना यह फेस पैक कम लागत में पार्लर जैसा परिणाम देने की क्षमता रखता है।**

28 अगस्त 2026 को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा रहा है। अब ज्यादा दिन राखी के पर्व के लिए बचे नहीं है। ऐसे में आप भी फेस्टिवल के लिए तैयारियों में लगी होंगी। यह त्योहार सिर्फ राखी बांधने का ही नहीं, बल्कि सजने-संवरने और अपनों के साथ खुशियां बांटने का भी समय होता है। इस खास मौके पर हर महिला अपनी खूबसूरती निखारने के लिए पार्लर जाकर महंगे-महंगे फेशियल और स्किन ट्रीटमेंट्स कराती हैं। अगर आपकी स्किन बेजान और थकी हुई लग रही है, तो आप घर पर ही नेचुरल तरीके से चमका सकती हैं, इसलिए अब आपको पार्लर जाने की कोई जरुरत नहीं, बस घर पर ही इस उबटन को तैयार करें।

**घर पर इंस्टेंट ग्लो उबटन बनाने के लिए आवश्यक सामग्री -**

- 2 चम्मच बेसन
-3 से 4 चम्मच ठंडा कच्चा दूध
-आधा चम्मच हल्दी पाउडर
-3 से 4 बूंदें विटामिन-ई ऑयल

**उबटन बनाने की आसान विधि**

इसे तैयार करने के लिए आप इन स्टेप्स को फॉलो करें-

- इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में बेसन निकाल लें।
- इसमें हल्दी पाउडर और विटामिन-ई ऑयल मिलाएं।
- अब थोड़ा-थोड़ा करके कच्चा दूध डालते जाएं और अच्छे तरीके से फेंट लें।
- इन सभी चीजों को मिलाकर एक स्मूथ और गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लीजिए।
- तैयार है आपका होममेड उबटन। इसको आप चेहरे पर लगा सकती हैं।

**जानें उबटन लगाने का सही तरीका और समय**

रक्षाबंधन पर निखार पाने के लिए यह उबटन बेहद कमाल का है। इससे आपके चेहरे पर ग्लो आएगा। इसके साथ ही त्वचा से संबंधित कई समस्याएं दूर हो सकती हैं। आइए आपको बताते है कि इसे चेहरे पर कैसे और कितने समय के लिए लगाएं-

- सबसे पहले चेहरे को अच्छे से पानी से धो लें और फिर तौलिए की मदद से सूखा लें।
- अब इस उबटन को अपने चेहरे और गर्दन पर अच्छे से लगा लें।
- कम से कम इस उबटन को 20 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें।
- 20 मिनट के बाद हाथों में थोड़ा सा गुलाब जल लेकर चेहरे की हल्की मालिश कर सकते हैं और फिर इसे साफ पानी से मुंह धों ले।
- आखिर में चेहरे पर हल्का मॉइश्चराइजर लगा सकते हैं।

# बॉलीवुड से प्रेरित होकर आजमाएं ये एथनिक वियर



होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

**रक्षाबंधन के अवसर पर पुरुषों के फैशन ट्रेंड्स का विश्लेषण करते हुए यह लेख आयुष्मान खुराना और विक्की कौशल जैसे सितारों के एथनिक लुक्स की प्रासंगिकता को दर्शाता है। पारंपरिक परिधानों में आधुनिकता का समावेश कर पुरुष इस त्यौहार पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सकते हैं। रक्षाबंधन मेन्स फैशन, बॉलीवुड एथनिक वियर और चिकनकारी कुर्ता जैसे कीवर्ड्स इस लेख की पहुंच बढ़ाने में सहायक हैं।**

रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। हर साल सावन की पूर्णिमा को इस पर्व को उत्साह के साथ मनाया जाता है।

इस पर राखी के त्योहार पर पुरुष इन बॉलीवुड सेलेब्स से प्रेरित होकर एथनिक लुक ट्राई कर सकते हैं। अगर आप भी फेस्टिवल में जलवा बिखरेना चाहते हैं, तो इस तरह के कुर्ता सेट पहन सकते हैं।

अब मेन्स भी राखी के त्योहार पर इन पारंपरिक कपड़ों को स्टाइल करके इम्प्रेशन जमा सकते हैं। इस लेख में हम आपके लिए लेकर आए बॉलीवुड सेलेब्स का एथनिक वॉर्डरोब कलेक्शन। इस पर रक्षाबंधन पर सेलिब्रेटी लुक पाने के लिए इस तरह आउटफिट को वियर करें।

**आयुष्मान खुराना का ब्लैक अवतार**

राखी के त्योहार पर जलवा बिखरने के लिए तैयार हो जाइए। इस पर आप आयुष्मान खुराना से इंस्पायर ब्लैक एथनिक कुर्ता सेट को वियर कर सकते हैं। इस तरह के एम्ब्रॉयडरी कुर्ता सेट आपको ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन भी मिल जाएंगे। इसके साथ ही आप लोफर फुटवियर स्टाइल कर सकते हैं या फिर कोल्हापुरी चप्पल भी वियर कर सकते हैं।

**वरुण धवन का ऑफ-व्हाइट लुक**

इस बार रक्षाबंधन पर पुरुष दिखाना चाहते हैं स्टाइलिश, तो आप वरुण धवन का यह लुक जरुर ट्राई करें। इस ऑफ व्हाइट कुर्ता सेट में वरुण काफी डैशिंग नजर आ रहे है। इस कुर्ता-धोती लुक को आप भी कैरी कर सकते हैं। यह फेस्टिव लुक आपके दिन को खास बना देगा। आप ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन इस तरह के कुर्ता सेट ले सकते हैं।

**सिद्धार्थ मल्होत्रा का बेबी पिंक लुक**

अगर आप रक्षाबंधन त्योहार में सबसे स्टाइलिश और खास दिखना चाहते हैं, तो एक बार सिद्धार्थ मल्होत्रा का यह लुक जरुर ट्राई करें। एक्टर बेबी पिंक चिकनकारी कुर्ता और व्हाइट पजामा में कहर ढहा रहे हैं। सिद्धार्थ सिंपल लुक के साथ ही स्टाइलिश नजर आ रहे हैं। आप भी इसे कुर्ता सेट को ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन खरीद सकते हैं।

**विक्की कौशल का दमदार ऑफ-व्हाइट लुक**

राखी के त्योहार पर मेन्स जलवा बिखरना चाहते हैं, तो एक बार विक्की कौशल का यह लुक जरुर ट्राई। एकदम स्टाइलिश डिजाइन वाला चिकनकारी कुर्ता सेट बेहद ही खूबसूरत लग रहा है। यह काफी सिंपल और सोबर है, फेस्टिवल के लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है। इसे आप आसानी से बाजार से खरीद सकते हैं। लुक को खास बनाने के लिए आप फुटवियर में ब्राउन लोफर पहन सकते हैं।

# अनारकली सूट मे दिखना है गॉर्जियस? फॉलो करें ये एक्सपर्ट स्टाइल गाइड



**रक्षाबंधन के अवसर पर अनारकली सूट को प्रभावी ढंग से स्टाइल करने के लिए फैब्रिक का चयन और बॉडी टाइप के अनुसार फिटिंग अनिवार्य है। यह गाइड दुपट्टा ड्रेपिंग और एक्सेसरीज के संतुलन का विश्लेषण करती है ताकि आपको एक राजसी फेस्टिव लुक प्राप्त हो सके। एथनिक फैशन में महारत हासिल करने के लिए राखी स्पेशल इन विशेष सुझावों का पालन करें।**

रक्षाबंधन सिर्फ राखी बांधने का त्योहार नहीं, बल्कि बहनें अपने भाई की लंबी उम्र की कामना करती हैं। इस दिन को खास बनाने के लिए बहनें हमेशा सजती-संवरती हैं। राखी के पर्व पर महिलाएं ज्यादातर एथनिक और ट्रेडिशनल कपड़े पहनती हैं। यदि आप भी इस साल राखी के मौके पर अनारकली सूट पहनने का सोच रही हैं, तो यह लेख आपके लिए है।

अनारकली सूट गॉर्जियस और रॉयल लुक प्रदान करते हैं। फेस्टिव सीजन के लिए सबसे बेस्ट भी होते है। इसलिए अनारकली सूट पहनना ही काफी नहीं है, इसे अच्छे से स्टाइल करना भी आना चाहिए।

राखी के पर्व पर अनारकली सूट में सबसे खूबसूरत दिखाना है, तो बस इन 3 एथनिक गाइड को फॉलो करें-

**चुनें सही फैब्रिक**

जब आप अनारकाली सूट खरीदें, तो सबसे पहले उसका घेर या कलियां ही नहीं, बल्कि कपड़े के फैब्रिक को भी जरुर चेक करें। यदि आप उमस मौसम के लिए अनारकली खरीदने का प्लान कर रही हैं, तो आप ऑर्गेंजा, शिफॉन, जॉर्जेट या लाइट कॉटन फैब्रिक सबसे सही रहेगा। बेस्ट फैब्रिक के चयन से आप खूबसूरत दिख सकते हैं।

**हाइट और बॉडी शेप के हिसाब से करें खरीदारी**

यह सबसे जरुरी बात है कि जब आप अपने इसे अपने बॉडी शेप और हाइट के हिसाब से चुनेंगी तो बेहतरीन लुक पा सकती हैं। खासतौर पर हर महिला का बॉडी शेप एक जैसा नहीं होता है। इसलिए अनारकली सूट्स की लंबाई और कट्स का खास ध्यान रखें। यदि आपकी हाइट कम है, तो फ्लोर-लेंथ के स्थान एंकल-लेंथ अनारकली को चूज करें। यदि आपकी हाइट अच्छी है, तो हैवी बॉर्डर वाला फ्लोर-लेंथ अनारकली सूट खरीदें।

**दुपट्टा ड्रेपिंग का स्टाइल**

आमतौर पर देखा गया है कि महिलाएं अनारकाली का दुपट्टा किसी भी तरह का ओढ़ लेती है, लेकिन सही दुपट्टा ड्रेपिंग लुक को परफेक्ट बना देता है। यदि आपका अनारकली सूट हैवी है, तो दुपट्टे को एक कंधे पर पिन-अप करके खुला छोड़ दें। यदि सूट प्लेन है, तो गोटा-पट्टी वर्क वाला हैवी दुपट्टा का चूज करें और इसे कंधे पर पिन-अप करके बाकी का हिस्सा फ्री छोड़ दें। यह आपके लुक को खास बना देगा।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- अनारकली सूट के साथ ज्वेवरी का सही बैलेंस बनाएं। नेकलाइन हैवी है, तो गले में नेकलेस के हैवी न रखें। बस इयररिंग्स को पहन सकती हैं।
- सही फुटवियर का चयन करें। अनारकली सूट लुक में खूबसूरत दिखने के लिए जूती को पहन सकती हैं।
- हेयरस्टाइल में आप बन या सॉफ्ट कर्ल्स बना सकती हैं और मिनिमल मेकअप लुक सबसे बेस्ट रहेगा।

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS
MENS
TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU)
DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज. वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time
12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170